MANAV ASTRO & VEDIC 8586094945 , 8302680069

सभी प्रसंगों व विवादों का न्याय क्षेत्र बालोतरा ही होगा।

संवत्-२०८२

“त्रिकाल ज्योति” समाचार पत्र का पंचांग विशेषांक

राजा,फलेश-शनि

उपराजा, मंत्री, मेघेश, दुर्गेश-सूर्य

।।श्री महालक्ष्म्यै नमः।।

सस्येश,नीरसेश,धनेश -बुध

धान्येश- मंगल

चतुरंग बलोराजा जगती वशमानयेत् ।
अहं पंचांग बलवान् आकाशं वशमानये।।

त्रिकाल ज्योति पंचांगम् सर्व शास्त्र समन्वितम्।
सरलं सुलभं सर्वमान्यं भारतादि देशकम् ।।

पंचांग प्रवर्तक
दैवज्ञ स्व.पं.भवानीशंकर द्विवेदी

ग्रामे नगरे पुरे प्रान्ते प्रचारं बहुवर्तते । त्रिकाल ज्योति पंचांगम् ब्रह्मपक्षादिनिर्मितम्।।

त्रिकाल ज्योति

श्री विक्रम संवत् २०८२ शकः १९४७ सन् 2025–26 ई.

प्रकाशक एवं मुद्रक पं.पृथ्वीराज द्विवेदी-गणित फलित हस्तरेखा विशेषज्ञ
सम्पादक-अरुण दवे,वास्तुविज्ञ,याज्ञिक व स्नातक
त्रिकाल ज्योति पंचांग कार्यालय,बालोतरा 344022 (राज.)
फोन-कार्यालय-02988 224230,मो.9414688805,9460666431,9414755236

पंचांगकर्त्ता
पं.पृथ्वीराज द्विवेदी

प्रकाशन वर्ष
वर्ष ४४ अंक १ पक्ष १

सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रकाशन तिथि
ता.१ जनवरी २०२५ ई.
मूल्य 120/–

रसेश- शुक्र



गुरु

चंद्र

संवत्सरः
वर्ष नाम
रोहिणी निवास
समय निवास
मेघ नाम
संवत्विश्वा-



काल
मार्गशीर्ष
संधि
वैश्य
नील
द्वादश

राहु

केतु

प्राक्कथन

अहोरूप महोध्वनि !!!

सौर ब्रह्मपक्षादि पंचांग समाप्त प्रायः!

अब दृक्पक्षाभिमत (निर्णय) एक होगे। मतभेद मिटेगा। ऐकरूपता होगी। भारत सरकार को चित्रा पक्षीय गणना मान्य। पी.ए.सी.कलकत्ता से 12 भाषाओं में चित्रापक्षीय राष्ट्रीय पंचांग प्रकाशित जो इंग्लिश में **"दी इण्डियन ऐफेमेरिस एण्ड नेशनल अल्मानक"** में छपे व्रतपर्व सभी पंचागकारों को मानने होगें, बाधित! चित्रा, रेवतपक्षीय पंचांग एकमत। भूपृष्ठीय भेद समाप्त। एक केन्द्रस्थलीय पंचांग के तिथ्यादि मान्य। प्राचीन धर्मशास्त्र सूत्रों से दृष्य पंचांग धर्मकृत्य व्यवस्था एक। साम्प्रदायिक भेद समाप्त। ग्रीक, अरब, यवन, यूरोपीय अंग्रेजिदा ज्योतिषी खुश! अब भरतीय आर्ष ज्योतिष अनुसंधान समाप्त, एकाधिपत्य! केरोपन्त, वैंकटेश बापू केतकर के **नाटिकल आल्मनाक प्रोंच ग्रंथ के ज्योतिर्गणित** से निर्मित पंचांग अब मान्य। वेधशालाओं से भी मान्य। सायन निरयन भेद समाप्त। सूर्य चंद्रग्रहणादि प्रमाणित। अब हमारा धर्मशास्त्र चलेगा। सबकी छोटी हमारे हाथ में। प्राचीन अर्वाचीन समर्थक पण्डित परमुखानुपेक्षी। किंकर्तव्य विमूढ़, हमारा मुंह ताकेंगे। आपने क्या खेल खेला है **अहोरूप महोध्वनि** वत् प्रशंसा!

वस्तुतः शताब्दी पंचांग के तिथ्यादि में कुछ हेराफेरी करके पंचांगकर्ता अब खुश! **मार्त्तण्ड पंचांगकर्ता** प्रियव्रत जी शर्मा ने भी मुझे बताया था कि पी.ए.सी. कलकत्ता राष्ट्रीय पंचांग समिति का मैं भी सदस्य हूँ वहां से अंग्रेजी में प्राप्त पंचांग की हिन्दी में रूपान्तरित कर मार्त्तण्ड पंचांग छापता हूँ। आपको भी वहां का सदस्य बनवा दूं, इत्यादि! बहुमत बढ़ रहा है! वोटर बढ़ रहे है। आर्ष पंचांगकर्ता घट रहे हैं। अब बहुमत से निर्णय मान्य होंगे। सरकार बहुमत देखेगी। इनको अब कोई रोकनें, टोकनें वाला नहीं है। सम्मेलन में अपने अपनों के परस्पर हस्तोन्मेलन करतल ध्वनि से निर्णय मान्य, विजय होगी। **अहोरूप महोध्वनि गुंजायमान!**! अब दीपावली प्रदोष, निशीथ काल में नहीं, दिन में **"दीप ज्योति नमोस्तुते"** की दुंदुभी बजेगी, एक्यता होगी! ऋषियों, पूर्वाचार्यों के आर्ष ज्योतिष प्रमाण सब समाप्त। अपनें पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की कृतघ्नता! कृतकृत्य हो गये। ऐसा हर्षोल्लास "**अहोरूप महोध्वनी**" वराहमिहर कहते हैं कि **मत्तःशास्त्रैक देशेन त्याज्यस्तादृङ् महीक्षिता**- थोड़े से ही ज्ञान से मतवाले होने वाले दैवज्ञ को राजा त्याग दे।

आस्तिन के साँप : वेदांग ज्योतिष ह्रास के कारण!

पूर्वाचार्यों के अनुसार- **लक्षंतु चतुरो वेदा, लक्षं भारत मेवच। लक्षं व्याकरणं प्रोक्तं, चतुर्लक्षंतु ज्योतिषः ।।1 ।।** वस्तुतः संपूर्ण विश्व में एक मात्र भारत ऐसा देश है जहां एक लाख वेद विज्ञान के ग्रंथ, एक लाख महाभारतादि ग्रंथ व एक लाख व्याकरणादि ग्रंथ परन्तु इन सब में ज्योतिष विज्ञान के **चार लाख ग्रंथ** ऋषि प्रणीत, अनुसंधानरत पूर्वाचार्यों द्वारा लिखे होने की गणना है। संसार के बुद्धिजीवी इसे असंभव मानते हैं! ऐसा क्या लिख दिया? बिना कम्प्युटर के कैसे लिख दिया? ऐसी कम्प्युटर बुद्धि किसकी? बिना यान, दूरबीन के ब्रह्माण्ड को कैसे छानमारा? पुरुषों में ऐसी अपुरुषेय शक्ति कैसे? आदि अनेंकानेक प्रश्नों से उद्वेलित है! समाधान खोज रहे हैं! इनका समाधान भी भारत की देवभूमि में ही मिलेगा यथा- **यत्पिण्डे तत्ब्रह्माण्डे, यत्ब्रह्माण्डे तत्पिण्डे"** यह भारत का योग शास्त्र कह रहा है। ऋषि मुनि ब्रह्मवेत्ता इसी योग क्रिया से अपने इस स्थूल शरीर में सूक्ष्मातिसूक्ष्म सारे ब्रह्माण्ड के लोकों भू, भुव, स्व, मह, जन, तप, सत्यं आदि सप्तलोकों में प्रवेश कर सब कुछ जान लेते थे। ग्रह तारा पितृलोकादि को छान मारा था। नचिकेता तो सशरीर यमलोक जाकर **मृत्यु के उस पार का सारा रहस्य** जान आया था। **चिरंजीवी हनुमान "बाल समय रवि भक्ष कियो तब तीनहुं लोक भयो अंधियारों"** के अनुसार बालक हनुमान ने सूर्य को मुँह में रख दिया था। भारतीय मय राक्षस तो अपने बनाये सोना चांदी, ताम्र इन तीनों धातुओं के विमानों से ब्रह्माण्ड में विचरण करता था। सूर्य सिद्धान्त इस सूर्यांश शिष्य मय द्वारा निर्मित भारतीय ज्योतिष गणना का प्रमुख ग्रंथ है। भगवान वामन ने तीन पांव में पृथ्वी व आकाश को नापकर दानवीर राक्षस राजा बली की परीक्षा लेकर भूगर्भ में (1) तल (2)वितल (3) सुतल (4) तलातल (5) रसातल (6)महातल (7) पाताल लोक का उसे राजा बना दिया । ये अवतारों के कथानक पुराणों में सारी सृष्टि के कल्याण करने के प्रतीक है। महाभारत को लिखने के लिये वेदव्यास जी ने गणेश जी से लिखने का निवेदन किया कि मैं बोलु आप लिखे। तब गणेश जी ने कहा कि- **श्रुत्वैतत् प्राह विघ्नेशो यदि में लेखनी क्षणम् । लिखितो नाव तिष्ठेत तदास्यां लेखको ह्यहम् ।**(महाभारत) मैं सुनता रहूंगा लिखता रहूंगा, मेरी एक क्षण भी लेखनी आपके कारण रुक गयी मैं लिखना छोड़ दूंगा। ऐतदर्थ अविराम महा भारत लिखा गया। सत्य है कि इस विशाल ज्ञान सम्पन्न इस आर्यावृत देश व सोनें की चिड़ियां कहे जाने वाले भारत को म्लेच्छों ने लूटा नष्ट भ्रष्ट किया। यथा- **चातुर्वर्ण्य व्यवस्था नं यस्मिनदेशे न विद्यते। स म्लेच्छ देशा विज्ञेय आर्यावर्त स्ततः पर।**।(धर्मशास्त्र) अर्थात् जहां वर्ण

व्यवस्था नहीं वे म्लेच्छ देश है। यथार्थतः करीब एक हजार वर्ष तक मुगलों, यवनों ने इस देश को लूटा। सरस्वती के भण्डार नालंदा विश्व विद्यालय को जलाकर भस्मि भूत कर दिया, सहस्त्रों ग्रंथ स्वाहा हो गये। इनके बाद एक सौ वर्ष तक अंग्रेजों ने इस देश को लूटा। लॉर्ड मेकाले की शिक्षा प्रणाली ने करीब चार हजार शिक्षा के केन्द्र गुरुकुलों को बंद करवा लिया। देश के लोगों का सब हुनर छीन लिया। पैसे लो, नौकरी करो। आज भी यह रोग भारतीय युवा को भटका रहा है। आरक्षण, नौकरी के आन्दोलन पूरे देश को परेशान किये हुए है। अंग्रेजों ने अपनी झूठन अंग्रेजी सिखा कर ''आस्तिन के सांप'' पैदा कर दिये। इन अंग्रेजी सांपों ने देश को खण्ड खण्ड कर दिया। ''**पयपानं भुजंगानाम् केवलं विषवर्धनम्**'' केवल विष वर्धन कर रहे हैं। इनका कहना है यूरोपियों, यवनों, अंग्रेजों से भारतीयों ने ज्योतिष सीखा है आर्ष गणना के पंचांग स्थूल, दूर भ्रष्ट अदृश्य है। इस प्रकार ये आर्ष पंचांगों के लिये प्राण घातक व अंग्रेजीदा पंचांगों के जीवन रक्षक है। सौर ब्रह्म पंचांगकर्ता पूर्णायु को प्राप्त कर गये, पंचांग बनना बंद, दृश्य पंचांगाभिमानी हर्षोल्लासित प्रसन्न है। इनके द्वारा किया जाने वाला खण्डन भी आर्ष पंचांगों के ह्रास का मुख्य कारण है।

गुरुकुल समाप्त। वंशानुगत ज्योतिषादि विद्याओं का पठन पाठन नहीं रहा, नौकरी की चाह ने इस गुरुतर विद्या को पढ़नें से मुंह मोड़ दिया। कुछ अंग्रेजीदा नौकरों ने पैतृक विद्या का आधा अधूरा ज्ञान लिया ''**यदा किंचिदज्ञोहं द्विपईवमंदाध समभवं**'' किंचित ज्ञान से भी मदांध हो गये। कहते हैं कि ''**अधूरा डाक्टर व अधूरा ज्योतिषी** '' प्राण घातक होते हैं इस विद्या के ह्रास के कारण बने। पुराने वडील कहते थे कि ''**ज्योतिषं गारुडी विद्या पिता पुत्रों न दीयते**'' योग्यताहीन कुपुत्र को भी ज्योतिष के दिव्य चक्षु का ज्ञान नहीं देते थे। शास्त्रभिज्ञ कहते हैं कि ''**आपद्यपि हि घोरायां न त्वेनामिरिणे वपेत्**'' - अर्थात् आपात काल में विद्या सहित मर जावे किन्तु अपात्र में विद्यारूपी बीज नहीं बोवे। **विद्या ब्राह्मणमेत्याह शेवधिस्तेऽस्मि रक्षमाम्। असूयकाया मां मादा स्तथा स्यां वीर्यवत्तमा।।** (धर्मशास्त्र) अर्थात् विद्या ब्राह्मण के समीप आकर बोली कि मैं तुम्हारी निधि हूं, तुम मुझे यत्नपूर्वक रक्षा करो श्रृद्धाहीन आदि दोषों से दूषित अपात्रों को मुझे मत देवो, ऐसा करने से मैं बलवती रहूंगी। तात्पर्यथः ब्राह्मण कर्मभ्रष्ट, नौकर हो गये, ब्राह्मण ब्राह्मण नहीं रहे, माँ भारती सरस्वती बलवती नहीं हुई। आस्तिन के साँपों ने उसे कमजोर कर दिया। पूत कपूत हो गये! विद्या का ह्रास हो गया!

पंचांगों में एकरूपता : चिन्तनीय बिन्दु

(1) दृश्य गणित – दृक् दृग् तथा दृश्य गणना से अभिप्राय आंखों से वह सब कुछ जो दर्शक को दृष्टि गोचर हो जाता है। सूर्यसिद्धान्त, ब्रह्मसिद्धान्त, ग्रह लाघव, मकरंद, करण कुतूहल, जय विनोद आदि आर्ष सिद्धान्तों पर बनने वालें भारतीय आर्ष पंचांग दृक्सिद्ध, वेधसिद्ध नहीं है। शताब्दी पंचांगकर्ता ने सौ वर्ष पूर्व सब देख लिया ? इस प्रकार की निंदा व प्रोपेगण्डा को छोड़ना होगा, समाधान करना होगा? पढ़े संवत् 2039 (त्रिकाल ज्योति पंचांग) के प्राक्कथन में।

(2) **सूक्ष्म दृष्टि**– मनुष्य को उदय दिखाई देने के तीन चार दिन बाद तक भी मन्द दृष्टि को दिखाई नहीं देता, ऐसा अनुभव हुआ है(भारतीय ज्योतिषी पं.बालकृष्ण पृ.586)

(3) तिथि वृद्धिः क्षय– आर्ष पंचांग ''**बांण वृद्धि रसक्षय**'' गणनासे तिथियां चलती है परन्तु दृकपक्षीय शताब्दी पंचांग में ''**सप्तवृद्धिःदशक्षयः** '' का उल्लंघन कर ''**अंकवृद्धि सार्द्धकादश क्षय**'' ही नहीं अष्टमी तिथि के आसन्न दिनों में **15 घटी** तक का अंतर हो जाता है जो झगड़े का मूल कारण है सुधारना होगा ? पढ़े संवत् 2041 का प्राक्कथन।

(4) सौर वर्षमान से–''**तिलक पंचांग पुणे**'' के विद्वानों को अन्य पंचांगों से चार पांच दिन पूर्व शुद्ध निरयन संक्राति सूर्य दृश्यमान कैसे हो रहा है ? चित्रापक्षीय निरयन दृक्सिद्ध मार्तण्ड के सौर वर्षमान अन्य स्वमतीय केतकी पंचांगों से खराब घड़ी के सुईयों की तरह आगे पीछे सांतरित रहने पर भी दृक्सिद्ध कैसे ? शताब्दी पंचांग से निर्णयसागर पंचांग नीमच व श्रीधर पंचांग किशनगढ़ **तीस पल** की हेरा फेरी से वेधसिद्ध जोधपुर चण्डू संज्ञक कैसे ? ठीक इसी प्रकार 2 पल की हेराफेरी से बिसाऊ निवासी पं.भोलाराम भवानीशंकर शर्मा चण्डू पंचांग निकाल रहे हैं चण्डू वंशियों की बपौती के नाम धोखाधड़ी क्यों ? **पंचांगों में एक रूपताःअधूरा प्रयास**–भारत सरकार द्वारा गठित ''**भारतीय समायन और ज्योतिष्क गणित पुनर्विचार समिति**'' का परिपत्र संयोजक कमोडर एस.के.चटर्जी द्वारा भेजा था। जवाब दिया गया, समाधान नहीं। पढ़े सं.2044(त्रि.ज्यो.)के प्राक्कथन में।

(5) धर्मशास्त्रीय वचनों से तिथि उत्पत्ति नहीं ?– पं.ईश्वरदत्त जी के धर्मशास्त्रीय 15 वचनों को अर्थ सहित छापकर सिद्ध किया कि इन वचनों से तिथि गणितागत उत्पत्ति नहीं है ? आगे एक पत्र में **पू.पा.जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निरंजन देवतीर्थ** लिखते है कि ईश्वदत्त की आदत निरंतर झूठ बोलने की है। वे सदा हारने पर अपने को जीता बताते हैं। पढ़े (त्रिकाल ज्योति) संवत् 2046के व 2049 के प्राक्कथन में

(6) **तिथि मान**– भारतीय गणना से बनें पंचांगों से अलग ही नवीन दृक्पक्ष के तिथिमान होते हैं व करीब करीब हर पक्ष में तिथि टूटना व जल्दी तिथि बढ़ जाना होता ही रहता है। कभी कभी तो 10 या 15 घटी तक के फेरफार से व्रत पर्व, उत्सव बदल जाते हैं। बार– बार 13 दिन का पक्ष आ जाता है **अगस्त्योदय भिन्न** क्यों ? पढ़े (त्रिकाल ज्योति)

संवत् 2047 के प्राक्कथन में।

(7) शक प्रवेश कब ?- प्राचीन आर्ष गणित के पंचांगों में शक लिखने की प्राथमिकता थी। गणितागत शक कब बदलता है यह आधुनिक पंचांग कर्ताओं को ज्ञात नहीं है वस्तुतः **ब्रह्मपंचांग** आर्ष पंचांग गणना के उपकरण से शक प्रवेशः उस दिन शुद्धि वाली तिथि,अब्दप वाला वार होगा, उसी दिन शक प्रवेश, गण प्रवेश होगा। यह मेषेऽर्क के दो दिन बाद होगा। परन्तु नये शक का लिखना चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को कर दिया जाता है। परन्तु चैत्र शुक्ला 1 को पुराना शक गणितागत रहता है। इस भेद को समझ कर ही ब्रह्मपक्षादि पंचांग में **अयनांश गणना, चैत्र अधिक** का होना सिद्ध होता है। भास्करीय सूत्र- **असंक्रांतिमासोधिमास...... सत्यप्रमाणित होता है।**

(8) विक्रम संवत् प्रवेशः- वीर विक्रमादित्य के सम्मान व कीर्ति की स्थिरता में चैत्र शुक्ला प्रतिपदा से संवत् प्रारंभ लिखा जाता है। यह गणितागत - नहीं है। दक्षिण भारत में चैत्र शुक्ल पक्ष पहिले फिर चैत्र कृष्ण पक्ष (वैशाख कृष्ण की जगह) सब मास लिखे जाते है। राजस्थान व मध्य उत्तर भारत में यथावत् मास लिखे जाते हैं।

(9) अयन चलन(अयनांश) - आधुनिक दृक्पक्ष की गणना आर्ष पद्धति से मेल नहीं खाती। ब्रह्मपक्षीय गणनाकार **शक पंचाब्धि वेदोनः(445) षष्टि भक्तोऽयनांशकाः** अर्थात् शक में से 445 हीन कर 60 का भाग देनें से अयनांश व कला आयेगी। ब्रह्मपक्षीय चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को ही गणितागत आगामी शकः लिख देने के कारण 445 हीन करते है व ग्रहलांघवीय गणितागत शक मेषेऽर्क के दो दिन बाद प्रवेश होने के पहिले वाले शक में 444 हीन करते हैं यही गूढ़ता है भिन्नता है। इस प्रकार 60 वर्षों से अयन चलन बिंदु एक अंश निरयन अक्षांश सारिणी में बदलता है। **अब अयनांश** 25 है जो गत वर्षो के 6 अंश से आगे खिसक कर निरयन सारिणी में 5 अंश पर आ गया है। पहले की निरयन सारिणी अब हमने बदल दी है परन्तु **अन्य पंचांग अयनांश 24 के अंदर ही लिये** बैठे हैं। वृद्ध आर्ष ज्योतिषी चले गये,अनुभव चला गया! इस अयन चलन से ऋतु परिवर्तन, सूर्योदयास्त में अभी स्वल्पान्तर होगा तो भी अयनांश की सत्यता लग सकती है। तथापि ब्रह्मपक्षाभिमत पंचांग सायन संक्रांतियों को **मेषे भानु वृषे भानु** इत्यादि से लिखते है व ऋतु सूर्यउदयास्त भी **भानु प्रवेश** से ही लिखते हैं ग्रहण साधन भी सायन से करते हैं। जिससे सायन गणना विलुप्त न हो, प्रभाव बना रहे। निरयन विभ्रष्ट न हो। यह पूर्वाचार्यों का अनुसंधान यथार्थ में टिका हुआ है। इस टिकाऊ व्यवस्था को कैसे तोड़ा जाय अंग्रेजी ज्योतिषी प्रयत्नरत है! तड़फड़ा रहे है। मेकाले पैदा हो रहे है!

(10) सायन और निरयन मानों का ग्राह्याग्राह्यत्व- भारतीय ज्योतिष में पं.शंकर बालकृष्ण दीक्षित लिखते हैं कि- (1) **केरोपन्ती पंचांग** में भी मकर,कर्क संक्रांति (निरयन) उत्तर दक्षिण अयन लिखा रहता है पृ.544(2) **बापूदेव** तो अयन लिखते ही नहीं है। पृ.548 पर "सर्वत्र निरयण गणना का प्रचार होने के कारण में भी निरयन पंचांग ही बनाता हूं(बापूदेव) (3) एक ही अड़चन है **"यद्यपि शुद्धं लोक विरुद्धं नाचरणीयं नोकरणीयम्"**(बापूदेव)(4)केरोपन्त और तिलक का मत यह है कि पंचांग की पद्धति निरयन ही रहनी चाहिए,परन्तुउसमें कुछ संशोधन आवश्यक है। पृ.549(5) चैत्रादि मासों के नाम अश्वन्यादि नक्षत्रों (तारों)के ही आधार पर रखे गये हैं पृ.554,(6) पृ. 567-**धर्मशास्त्र परिवर्तन असम्भव**- वर्षारम्भ एक एक मास पहिले लाना और चैत्र के धर्मकृत्यों को फाल्गुन में करना धर्मशास्त्र बदलने के समान ही है। (7) पृ.568 से 571तक **अनिवार्य कठिनाईयां**- कुछ कर्म ऋतु मास तिथि के साथ नक्षत्र से भी सम्बंध है। शरद् ऋतु विजया 10 आश्विन शुक्ला 10+श्रवण योग जो एक मास पहिले भाद्रपद शुक्ला 10 श्रवण नहीं होगा। उस समय दशहरा या दशमी शब्द भी लागु नहीं हो सकेगा। **नया धर्मशास्त्र मान्य कैसे हो**- यह पद्धति धर्मशास्त्र सम्मत प्रचलित नहीं है नवीन धर्मशास्त्र बनाना पड़ेगा। विद्वानों की समिति द्वारा नवीन धर्मशास्त्र ग्रंथ बनवाया जा सकता है पर उसका मान्य होना अत्यन्त कठिन है। शंकराचार्य की सम्मति मिल जाय, इतना ही नहीं उसे कानून का रूप देकर पास करालिया जाय तो भी उसका प्रचार होना कठिन है। हमारे देश में धर्मशास्त्र के सहस्त्रों ग्रन्थ और उनकी लाखों प्रतियां विद्यमान है। उन सब को नष्ट करना होगा। उनका त्याग करने पर भी अन्य विषयों के ग्रन्थ लुप्त नहीं किये जा सकते। उन सहस्त्रों ग्रन्थों में वर्णित तथा करोड़ों मनुष्यों के ह्रदय पर अंकित पद्धति को बदलना असंभव है। **व्यावहारिक दृष्टि से विचार** -इस प्रकार अधिकांश व्यवहार के लिये सायन न होने पर भी कोई बाधा न पड़ेगी। सायन पंचांग को कुछ लोग स्वीकार करले परन्तु सभी स्वीकार कर लेंगे ऐसा नहीं कहा जा सकता। **जातक स्कन्ध की दृष्टि से विचार**- हमारे देश में इस समय सर्वत्र निरयनमान से पत्रिकायें बनातें है। सायनमान से पत्रिका ठीक सिद्ध कर दो तो हम सायनमान स्वीकार कर लेंगे। ऐसे कहने वाले मुझे कई मिले हैं किन्तु मुझे लगता है कि किसी भी मान से वह सर्वांश से साध्य नहीं है।

अन्ततो दीक्षित जी भरतीय ज्योतिष की विशालता से भिज्ञ होते हुये भी। पृ.680 से 681 तक में सुझाव देते है कि (1) **अंग्रेजी नाटिकल आल्मनाक अथवा फ्रेंच काल ज्ञान पंचांग** जिन ग्रंथों के आधार पर बनाते हैं वैसे पंचांग बनाने के लिए कहना व भारतीय ज्योतिष विज्ञान से विमुख करना मानो इनको किसी ने इन यूरोपियनों की झूठन खिलाने के लिए अधिकृत किया हो ? भारतीय विद्वान तो म्लेच्छ देशों में जाने वाले को प्रायश्चित से

शुद्ध करके ही घर में प्रवेश देते थे। वर्ण शंकर किसी का भी नहीं हो सकता,आज भी यूरोपियन परस्पर मारने समूल नष्ट करनें के लिये दो वर्षो से युद्ध लड़ रहे है भारत पर अब भी इनकी कू दृष्टि है भारत को सावधान व जाग्रत होना होगा। जैसे कि-राम राज्यच्युत,वनवास भेज देने के बाद भी वे कहते हैं कि-लक्ष्मण! मे न रोचते स्वर्णमयी लंका,जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी-'' के उद्घोष के ममत्व में मैं भी स्पष्ट कहता हूं **''मे न रोचते यूरोपियन उचिष्ट (झूठन) तदा- ''नवीन गतिस्थिति कल्पक महामतिमान् शास्त्रकारः कृति जयति विष्णु जो गणक चक्र चूड़ामणिः**''- भास्करोक्त ब्रह्मसिद्धान्त गरीयसी श्रैष्ठ है रुचिकर है।

(11) भूपृष्ठीय भेद- विभिन्न देशों में सुदूर नगरों में अक्षांश,रेखांशों के आधार पर तिथियों में मतभेद ज्यादातर आज के दृक्पक्षों के कारण 15घटी तक का फर्क पड़ जाने से होने लगा है। संपूर्ण भारत में तिथि न्यूनतम **डेढ़ घटी व अधिकतम साढ़े तीन घटीतक** होती है। धर्मशास्त्रों से इन तिथ्यादि भूपृष्ठिय अंतर को देख कर धर्मकृत्य की व्यवस्थायें होती रहती है। परन्तु विदेशों में भारतीय पर्व कैसे मनायेंगे ?यह भी यहां रात व विदेशों में दिन आदि अंतर को देखकर पर्व मनाते ही है! उत्तरीय ध्रुव में छमहीनें की रात में पर्व मनाने वाले अपने हिसाब से मनाते ही होंगे! भारत में अगस्त्योदयास्त का विशेष प्रभाव है तो दैवज्ञों ने यहां की व्यवस्था लिखी है। विदेशों में अगस्त्य अस्त ही नहीं होता है परन्तु वहां भी दिन के सूर्योदय में तो नहीं दिखता होगा ? रात्रि में दिखता होगा,तब वहां के लोग इसके प्रभाव को देखते ही होगें। इस प्रकार की उलझनों में भी आज के दृश्यपक्षाभिमानी विमूढ़ है!

(12) साम्प्रदायिक त्यौहारों में भेद-(1) स्मार्त- धर्मशास्त्र वेद पुराणों को मानने वाले साधु ,संत,गृहस्थी होते हैं। (2) वैष्णव- विष्णु पूजन,यती,संत, विष्णु चरण तिलक,तुलसी की कंठी द्वारा (मठ) की कंठी ही गौत्र है। द्वारा (मठ) की कंठी पहनें वाले भुजाओं पर विष्णुपदादि तप्त मुद्राओं के अंकित करने वाले होते हैं। इनमें **गुरुद्वारा वाले मतानुयायी जो पर्व मनाने का निर्णय देते हैं वो मनाते है।** यह मत भिन्नता पंचांग में भी दो पर्व स्मार्त,वैष्णव के नाम से वर्षो से लिख रहे हैं। मठ,मंदिर में दोनों पर्व मनाये जाते है दो-दो पर्व के कारण अच्छी पूजा आ जाती है अतः इन परम्पराओं को तोड़ना भी असंभव है! **''यद्यपि शुद्धं लोक विरुद्धं न करणीय न करणीयं''** के विपरीत जाना दुष्कर है!मुख्यतः हिन्दू पर्वों में विघ्न पैदा करना, धर्मशास्त्र विमुख चलना धर्मानुकूल नहीं है।

(13) ग्रहणम्-भारत की ज्योतिष शास्त्र में चंद्रग्रहण,सूर्यग्रहण की प्रत्यक्ष दृष्य गणना पर ''**चंद्रार्कों यत्र साक्षिणों**'' से विश्व श्रृद्धान्वित नतमस्तक है। मैंने सं.2044 के प्राक्कथन में परिपत्र संयोजक एक.के.चटर्जी को जवाबे लिखा था कि..(2) प्रपत्र के बिन्दु नं.7 में आपने लिखा है कि ''हाँ सूर्यग्रहण तथा चंद्रग्रहण का निर्देश करनें में सभी पंचांगकार समान रूप से आधुनिक ज्योतिष्क सारिणियों का उपयोग करते हैं जिससे स्पष्ट है कि यदि प्राचीन गणित सूत्रों से सूर्यचंद्र के भोगांशों से गणना की जाए तो वह प्रायःअशुद्ध होगी।'' वस्तुतः यह बात कह देना अपरिपक्वता है। तिथि घटी पलों में अष्टमी के आसन्न 15,16 घटी तक का फर्क प्राचीन व आधुनिक गणित के पंचांगो में पड़ता है अगर इन दिनों में ग्रहण होते तो स्पष्ट फर्क किसमें है दिखाई दे सकता था। परन्तु अमा.पूर्णिमा को दोनों की गणित से तिथिमान करीब करीब समान होते हैं व ग्रहणों में कभी कभी स्वल्पान्तर ही रहता है। इनता स्वल्पान्तर तो आधुनिक गणित के पंचांगो में भी देख सकते हैं तब फिर प्राचीन सूर्यचंद्र के भोगांशों की गणना अशुद्ध कैसे ? हम आधुनिक ग्रहण गणित सारणियों को जानते भी नहीं है,पूर्व में भी यें सारणियां नहीं थी फिर भी ग्रहणों की सत्यता पर भारतीय ज्योतिष प्रसिद्धि को प्राप्त किये हुए था, अगर अशुद्ध है तो शुद्ध क्यों था ?जब अमा पूर्णिमा को तिथि में स्वल्पान्तर रहता है तो अष्टमी के आसन्न तिथि में ज्यादा फर्क क्यों ? इनते बड़े तिथ्यादिमान के फेर को अनदेखा क्यों किया जाता है ? क्या यह फर्क मूल झगड़े की जड़ व तालमेल में बाधक नहीं है!

ग्रहण नहीं दिखने के संदर्भ- (1)शा.1615 वैशाख शु.15चंद्रग्रहण ग्रहलाघव गणितज्ञों से नहीं आया परन्तु दिखा था!(2) शकः 1806 ग्रहलाघवीय पंचांग में चैत्र में चन्द्रग्रहण नहीं था। सायन केरोपन्ती निर्यन पंचांगो में ग्रस्तोदित था।(3)शकः 1814 के ग्रहलाघवीय पंचांग में वैशाख में चंद्र ग्रहण सूर्योदय के पूर्व ही मोक्ष हो जाता था सायनादि पंचांगो में ग्रस्तास्त था(भारतीय ज्यो.पृ.542) (4) **द्विचत्वारिंश द्वि सहस्त्रे वैशाखे चंद्र पर्वणि। त्वयोक्तः समयःसत्यो मिथ्योक्तं पर भाषितम्**।।(पं.भवानीशंकर जी कनाना) त्रिकाल ज्योति पंचांग सं.2042 वैशाख चंद्र ग्रहण के समय प्रत्यक्ष देख कर लिखा है। स्पर्श में 43 मिनट व मोक्ष में 24 मिनट का फर्क दृष्य पंचांगों से था।(5) सं.2070 चैत्र शुक्ला 15गुरु खण्डग्रास चंद्रग्रहण निर्णय सागर में नहीं दिखेगा लिखा परन्तु त्रिकाल ज्योति पंचांग के अनुसार दिखा। हनुमान जयंति मनाने वालों ने पट्ट खुले रखे थे। तब मैंने सं.2071 के पंचांग में लिखा था कि- **सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहु दर्शन**- ग्रहण देखने में सभी वर्ण सूतकी (अस्पृशीय) हो गये। **मुक्तौ यस्तु न कुर्वीत स्नानं ग्रहण सूतके। स सूतकी भवेत्तावद् यावत् स्यापरोग्रहा** (त्रिकाल ज्योति से पृ.85) अर्थात् उन सूतकियों की जब तक दूसरे ग्रहण के सूतक के स्नान से ही उस लगे सूतक की निवृत्ति होती है। अगले वर्ष भी ग्रहण नहीं! सूतक लम्बा इस प्रकार ग्रहणों की क्लीष्ट गणना में गणित की चूक आदि किसी भी प्रकार से हुई हो उसके कारण सारा सिद्धान्त गलत नहीं गणितज्ञ की चूक है ।

दृक् पक्षांगीय पंचांग एक दूसरे की नकल से बहुमत प्राप्त किये है तब वह भूल सबमें एकसी है उससे दूसरे आर्ष पंचांग को गलत कहना भी अपनी भूल को छिपाना है। ग्रहण सूर्य, चंद्र की छाया अर्थात् राहु, केतु से ग्रसित होने पर ग्रहण होता है। वर्तमान आर्ष पंचांगो से दृक्पक्ष का राहु, केतु 17 दिन पीछे चलता है तब ग्रहण में अंतर तो आयेगा ही।

(13) फलित को नहीं मानते- सायन पंचांग मताभिमानयों का भविष्यफल नहीं मिलने के संदर्भ पूछा जाता है तब उनका तुनक मिजाजी जबाब हम भविष्यफल(फल) को नहीं मानते। वस्तुतः फल के बिना वृक्ष भी क्या काम का ? नष्ट कर दिया जाता है अगर फलित की सार्थकता नहीं होती तो भारत का ज्योतिष विज्ञान कभी नष्ट हो गया होता । अंकों व वर्णाक्षणों का साकार ज्ञान ही निराकार की ओर ले जाता है तब अहम् ब्रह्मास्मी हो जाते हैं। यही प्रत्यक्ष फल है। फिर साकार के फल की कृतघ्नता अपने **मातृदेवो भवः, पितृदेवो भवः** को नहीं मानने जैसी कही जा सकती है। भारत की ज्योतिष पंचतत्वों अग्नि, पृथ्वी, वायु जल आकाश के कुपित होने का फल बताता है **ग्रहणों, ग्रहों के उदयास्त** का फल घटित होने पर उस गणना के आंकड़े सत्य प्रमाणित होते हैं **अधिक मास** की गणना प्रकृति मौसम का यथावत् समायोजन बनायें रखने का प्रयोजन है। निरयन पंचांगो के तिथ्यादि मान चंद्रोदय की सार्थकता को प्रमाणित करते हैं। निरयन संक्रांतियों से किसान वर्षा, सर्दी गर्मी देख बीज बोना आदि करते हैं। मारवाड़ में **डक्क भड्डुली** (घाघ भड्डुली) की कहावतें किसान बहुत मानते है। **हस्त चिन्हों** पर जन्म का ज्ञान, जन्माक्षर बनाना , शंख चक्र सीप, हस्त के पर्वतों से ग्रहों का ज्ञान व फल कथन **सामुद्रिक शास्त्र** की विशेष देने है। मुखाकृति व शरीर के नाक कान, ललाट, ललाट की रेखाओं व हाथ पैर अंगुलियों आदि से कुण्डली बनाना व भविष्य कथन से तत्कालीन निरयन गणना की सत्यता प्रमाणित होती है। भृगु संहिताओं के हस्तलिखित ताड़पत्रादिक ग्रंथों के फल को भी झुठाया नहीं जा सकता । **दीक्षित जी** ने लिखा है कि काशीनाथ पटवर्धन द्वारा मुखचर्या देख कर जन्म काल व कुण्डली बना लेते हैं व पिता की मुखाकृति से पुत्र की कुण्डली बनाने का प्रत्यक्ष चमत्कार देखा है **यह भी लिखते हैं** कि गोविन्दचेट्टी (शूद्र है) केवल जन्म काल ही नहीं, किसी भी भाषा का प्रश्न उत्तर बतला देते थे। (भारतीय ज्योतिष पृ. 627,628) **स्वरशास्त्र, स्वरोदय** से भारतीय योगियों ने अंग्रेजों को चमत्कृत कर दिया था। इन सब विद्याओं का लुप्त होना भरतीयों की दासता काल रहा है हमारा बहुत बड़ा ह्रास हुआ है।

(14) वेधशालाओं की सत्यता का निर्णय आँख से!

वेधाशालाओं की सत्याऽसत्य का निर्णय भी आखें ही करती है। दूरबीन भी दूर दृष्टि की प्रतीक है। वैज्ञानिकों की खोज भी सान्तरित बदलती रहती है। आज के वैज्ञानिक रॉकेटयानों से ग्रहों के धरातल पर उतर कर खोज करते हैं। परन्तु भारतीय ऋषियों की खोज तक नहीं पहुंच सके हैं। इन्हें कालान्तरों से भारतीय ब्रह्माण्डीय खोज सत्य प्रमाणित होती है। शताब्दियों पूर्व भारतीय पण्डित शंकु, दूरबीन, नलिकाबन्ध, पीतल आदि यंत्रों से आकाशीय ग्रहों नक्षत्रों का परीक्षण करते रहते हैं। भारतीय ऋषियों ने ताराओं की संख्याओं से नक्षत्रों का ज्ञान, राशियों की आकृतियां का चित्रण किया था जो आज भी यथावत् व परीक्षित है। घड़ियां नहीं थी तब मेरे दादाजी, पिता जी-पुरुष की छाया से पाद गिन कर या शंकु की छाया से इष्टज्ञान, समय(टाईम) का ज्ञान, लग्न पत्रादि बना देते थे। आकाश में कौन सा नक्षत्र तारा ग्रह कहां है बता देते थे। आजकल पंचांगों में तिथियों की भिन्नता का विवाद होता रहता है। कहते हैं कि तिथि आकाश में दिखती नहीं है। परन्तु एक अनपढ़ किसान ने आकाश में चंद्र को देख कहा कि आज तिथि यह है मेरे पंचांग में भी यही तिथ थी दृक्पक्षीय में भिन्न थी। कहा कि दूसरी गलत है यह ज्ञान धीरे धीरे लुप्त होता देख कर वेधशालाओं का निर्माण हुआ। जयपुर के राजा जयसिंह जी ने जयपुर, मथुरा, काशी, उज्जैन आदि में वेधशालायें बनाई । आज ये वेधशालायें पर्यटकों के लिये "**तन्त्र मंत्र वेधशालायें**" कहलाती है। इस प्रपंच में राजा बादशाह सब थक गये। आंखों की दृष्य दृष्टि से अशुद्ध सिद्ध हो गयी। तदर्थ दीक्षित जी लिखते हैं कि "**सर्वव्यापक ईश्वर की शक्ति के ज्ञान में मनुष्य बिल्कुल असमर्थ है**"(भारतीय ज्योतिष पृ.464) निष्कर्षतः भारत का यह गोपनीय ज्ञान भी गुप्त व सुप्त हो गया!

वेद वेदांगों के रक्षक कौन ? अभ्युदय कब ?

भारत देव भूमि है यहां देवता रमण करते हैं इस भूमि की रक्षा भगवान् स्वयं करते हैं। श्री कृष्ण का गीता में उद्घोष है कि **यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत**(4/7) एवं **धर्म संस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे**(4/8) अर्थात् जब जब धर्म की हानि होती है। तब तब मैं धर्म की संस्थापना के लिये युग युग में प्रकट होता हूं। धर्मशास्त्रों में गृहस्थ धर्म के पितृयों के संदर्भ में लिखा है कि -**पितृयानो अजवीथ्याश्च यदगस्त्यस्य चान्तरम्**- अर्थात् अजवीथी (देवमार्ग) और अगस्त्य तारा के बीच जो पितृयान नामक स्थान है उसी मार्ग से अग्निहोत्री(यज्ञकर्ता) आदि लोग स्वर्ग में जाते हैं। उस पितृयान में **तत्राष्टाशीति साहस्त्रा मुनयो गृहमेधिनाः**- गृहस्थ धर्मवाले 88 हजार मुनि रहते हैं। वे लोग **पुनः पुनः पुनरावर्तिनो बीजभूता धर्मप्रवर्तकाः** ।। बीज बनकर धर्म प्रवर्तक जन्म लेते हैं। एवं च - **सप्तर्षि नाग वीथ्यन्तर्देवलोकं समाश्रिताः। तावन्त एव मुनयः सर्वारम्भ विवर्जिताः** ।। अर्थात् सप्तर्षि मण्डल और नागवीथी (ऐरावत पथ) के बीच में देवलोक में रहने वाले उतने 88 हजार मुनि जो सब आरम्भों से रहित (तत्वज्ञानी) प्रलय तक स्थिर रहते है। उन्हीं से वेद पुराण

संपूर्ण वाङ्गमय शास्त्र प्रचलित होते हैं। **द्रष्टव्य स्त्वथ मन्तव्यःश्रोतव्यश्च द्विजातिभिः।।** सब द्विजातियां(ब्राह्म क्षत्रिय वैश्य) उस आत्मा को जानने, देखने, सुनने का उद्योग करें। **पितृलोकं चन्द्रमासं वायुं वृष्टिं जलं महीम्। क्रमास्ते सम्भवन्तीह पुनरेव व्रजन्ति च।।** अर्थात् पितृलोक, चंद्रलोक से वायु वृष्टि, जल और भूमि को प्राप्त होकर अन्नरूप से वीर्य होकर संसार में आते हैं। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि – **मम योनिर्महद् ब्रह्म तस्मिन्गर्भं ददाम्यम्**(14/3) अर्थात् मेरी ब्रह्मरूप (प्रकृति) योनि में उस बीज को स्थापन करता हूं तब सब श्रृष्टि की उत्पत्ति होती है। **निष्कर्षतः**पापाचारी पाप योनि में व पुण्यात्मायें, देवांश- **क्षेत्रक्षेत्रज्ञ संयोगाद्विद्धि भरतर्षभ।।** (गीता13/26) स्व स्व क्षेत्र योनियों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यादि पूर्व पितृ पुरुष जन्म लेते हैं इस प्रकार विधिवेत्ता विधाता उन जीवों को अपने अपने कर्त्तव्य पूरे करनें, कर्म भोगनें, लेनदेन पूरा करनें को पृथ्वी पर भेजते हैं। राजधर्म को पालने राजा, वीर योद्धा प्रकट होते हैं। ब्राह्मण धर्म में ऋषि मुनि विद्वान शास्त्रवेत्ता, शास्त्र निर्माणक आते है। वैश्य धर्म में अर्थशास्त्री, दानी, कृषि, गोरक्षा, वाणिज्यादि कर्मकर्ता आते है। शूद्रकर्मा धर्मी भी पाप पुण्य भोगकर कर्मानुबंधन भोगते है। ऐतदर्थ स्वपितृयों की तृप्ति से उस कुलके महापुरुष "**पांचवी पीढ़ी में पीर पाके**" की कहावतानुसार प्रकट होते हैं। अपना काम संस्कृति संस्कार विद्या विज्ञान, वंश व स्वर्गादपि गरीयशी मातृ भूमि की रक्षा करने आते हैं। अपने पितृओं के अलावा जो अन्य भूत प्रेत पितर, पिशाचादि को पूजते हैं गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं वो उसी योनि में जन्म लेते हैं। **योग भ्रष्टाभि जायते** का भी लिखा है। **वाराहमिहर** तो लिखते हैं कि करणग्रंथों के उलटे अन्यान्य अर्थकर भ्रमित करता है वह दैवज्ञ **अंधतामिस्र नरक** में पड़ता है। ब्रह्मगुप्त के लिये तभी तो ज्योतिष के उद्भट्ट विद्वान् भास्कराचार्य सिद्धान्तशिरोमणी ग्रंथकर्ता लिखते हैं कि **यदा पुनर्महता कालेन महदन्तरं भविष्यति तदा महामतिमन्तो ब्रह्मगुप्त समान धर्मिण एवोत्पस्यन्ते तदुपलब्ध्यनु सारिणीं गतिमुररीकृत्य शास्त्राणि करिष्यन्ति**" – अर्थात् बड़े कालान्तर में बहुत बड़ा अंतर होगा तब महा बुद्धिमान ब्रह्मगुप्त के समान धर्मि पैदा होंगे तब उपलब्ध सारिणियों को परिष्कृत शास्त्र लिखेंगे। ऐतदर्थ भारतीय वेद वेदांग कभी नष्ट नहीं होगें। उनके अभ्युदय के लिये वेदधर्मी पूर्वपुरुषों को विधाता स्वयं भारत भूमि पर भेजेंगे।

राजा ही युग धर्म है– धर्मशास्त्रों का मंथन है कि "**राजा हि युग मुच्यते**" अर्थात् राजा को युग कहते हैं। अर्थात् राजा ही युगधर्म है। **कलिः प्रसुप्तो भवति स जाग्रद् द्वापरं युगम्। कर्म स्वभ्युद्यत स्त्रेता, विचरंस्तु कृतं युगम् ।।1।।** अर्थात् जो राजा सोता रहता है तब **कलियुग,** जो राजा जागता रहता है तब **द्वापर युग**, जब राजा राज्य कार्य में उद्यत रहता है तब **त्रेता** और जो राजा शास्त्रानुसार कार्य करता है तब सतयुग वर्तता है। निष्कर्षतः हर युग में हर अधिकारी, शासक, राजा के समय में, हर देश ग्राम नगर, जाति घर का मुखिया भी राजधर्म की श्रेणी में सब आता है। इन सबों के कार्यकाल में चार युगों के वर्तावों का ध्यान रखना आवश्यक है। सब पापाचार अनैतिक कार्य ही कलियुग है। वह कलिकाल राजकाज व घर में घुस गया तो नाश निश्चित है। जागते रहे, सावधान हो जाय! **सतयुग**-में विष्णु, मच्छ, वराह, नृसिंहावतार हुये। इस युग में पापी प्रकट हुये, नाश किया। **त्रैतायुग**- वामन, परशुराम, श्रीरामचन्द्र हुये। इस युग में भी पापी प्रकट हुये, नाश किया। **द्वापरयुग**- श्रीकृष्ण बलराम हुये। कृष्ण की कूटनीति, बलराम की हलधर कृषि नीति ने पापियों का नाश किया। अब **कलियुग** चल रहा है बुधावतार हो गया, कल्कि अवतार की प्रतिक्षा है। भारत में ही नहीं संपूर्ण विश्व पाप (कलियुग) की आपाधापी में फंसा है। तृतीय विश्वयुद्ध का ताण्डव अब पाप का ही अंत करेगा? हर मुखिया, अधिकारी, राजा अपने घर में पाप(कलि) को घुसने नहीं दे। अगर घुस गया तो आपको, आपके घर परिवार, क्षैत्र का अंत कर देगा। राजा मोदी जी भारत में ही नहीं विश्व के अन्य देशों को पाप(कलि) को घुसनें से सावधान कर रहे हैं! विदेशी पापाचारियों का रेला भारत में भी उत्पात करते दिख रहा है। आस्तिन के साँप डसनें का प्रयास कर रहे हैं घर के **भेदी लंका ढावे** का प्रयास चल रहा है अतः कृष्ण की कूटनीति, अर्जुन के लक्ष्य भेदन से ही पापी मरेंगे। चल कपट से सोने का मुकुट नहीं पहनें उसमें काल घुसा है स्पष्ट नीति है- **धर्मो रक्षति रक्षितः**। अर्थात् वेद वेदांग धर्म संस्कृति की रक्षा, उत्थान करनें से ही आपकी रक्षा होगी, अभ्युदय होगा!

श्रुतिस्मृतिविहितो धर्मः।

तद्वेदनेत्रं जयतीह लोके– वेद के चक्षु ज्योतिष शास्त्र की इस संसार में जय हो।

ब्रह्मलोके प्रतिष्ठां च लभते दैव चिन्तकः:- दैव चिन्तक (दैवज्ञ) ज्योतिषी ब्रह्मलोक में प्रतिष्ठा प्राप्त करता है।

दशदिन कृतपापं हन्ति सिद्धान्तवेत्ता– सिद्धान्त गणितज्ञ के संपर्क से दस दिनों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

नक्कालों से सावधान
त्रिकाल ज्योति के नाम में कुछ हेराफेरी जैसे त्रिकाल ज्योतिष आदि करके ज्योतिष के नाम पर ठगी कर रहे हैं सावधान रहें।

दुर्लभं भारते जन्मः-
विद्वद्जन चरण चंचरीक
पंचांगकर्ता-पं.पृथ्वीराज द्विवेदी
त्रिकाल ज्योति, कार्यालय
बालोतरा, जि.बाड़मेर(राज.)

व्रत पर्वोत्सव निर्णय:

नक्षत्र सूचको दिष्ट मुपवासं करोति यः स व्रजत्यन्धाता मिस्त्रं सार्धमृक्ष विडंबिना(वाराह चार्य) अर्थात् नक्षत्र सूचक (अविदित्वैव यःशास्त्रं दैवज्ञत्वं प्रपद्यते) जो पुरुष बिना शास्त्र के जाने दैवज्ञ हो जाय, के उपदेश किये हुए उपवासादि को जो पुरुष करता हैं वह उस नक्षत्र सूचक के साथ अंधतामिस्र नामक नरक में पड़ता है। निष्कर्षतः आर्ष प्रमाणों से व्रतोत्सवों का निर्णय करना हैं तो आर्ष पंचांग सूर्य सिद्धांत, ब्रह्मसिद्धान्तादि गणित से बनने वाले पंचांग "**पंचवृद्धिःरसक्षयः**(65घटी-54घटी)के तिथ्यादिमानों से निर्णय करें। आज के शताब्दी पंचांग या अंग्रेजी पंचांगों की नकल से बने नकलची पंचांगों की तिथि अपने ही सूत्र '**सप्तवृद्धि दशक्षयः**'' का भी अतिक्रमण कर **पंचदशघटी**(15घटी) तक बढ़ जाती है। कृष्ण पक्ष शुक्लपक्ष की अष्टमी के आसन्न इन पंचांगों की तिथियों में बहुत फर्क रहता है जो मुख्य विवाद की जड़ है। ये आर्ष सूत्रों को तोड़मरोड़ कर अपने व्रतपर्वो को सही बताते है जिससे पंचांग पढ़ने वाले भ्रमित हो जाते है। गणित पूर्वाचार्यो की व निर्णय भी पूर्वाचार्यो के सूत्रों से करना शास्त्र सम्मत है। यही वाराहमिहराचार्य का निर्देश है। शास्त्रों में कटु वचनों से सावधान किया है **धर्मेण हीना पशुभि समानाः**- तो कहते हैं कि अच्छे बोल नहीं है जहां अभ्युदय के वचन भी कहे हो तो पालन में विमुख गुठबंधी करते हैं अभ्युदय कैसे? **धर्मो रक्षति रक्षितः** धर्म की रक्षा करोगे तो धर्म आपकी रक्षा करेगा।

-:निर्णयार्थ आर्ष सूत्र:-

(1)**वार - उदयादुदयं वार-** सूर्योदय से सूर्योदय तक वार रहता है।
रात 12 बजे से वार तारीख अंग्रेज बदलते हैं।

(2)**व्रतादि** - दिन व्रत दिन में, रात्रिव्रत रात में। **व्रत**- एक समय भोजन।
उपवास- पूरे दिन भोजन नहीं।

(3)**अहोरात्र**-(दिनरात)६०घटी(24घंटा)एक घटी=0.24मिनट, 1घंटा-2.३०घटी
होरा-दिनरात में 24 होरा 1घंटे में 1 होर। वार से 6ठा वार दूसरी होरा क्रम से वार होरा होगी। सौम्य वार शुभ होरा, क्रूर वार अशुभ होरा।

(4)**प्रहर(याम)**- दिन में 4प्रहर+रात में 4प्रहर कुल 8 प्रहर। एक प्रहर 3 घंटे का।

(5)**दिनमान/2**= (1)पूर्वान्ह - सूर्य से आधा दिन 6 घंटा के आसन्न
(2)अपरान्ह- मध्यान्ह से सायं तक 6घंटे के आसन्न।

(6)**तिथि**- घटी के अनुसार तिथि रहती है। कम घटी या ज्यादा घटी के बाद तिथि बदल जाती है जिस का ज्ञान- **उदयव्यापिनी**- सूर्योदय से सूर्यास्त समय तक। **रात्रि व्यापिनी**- सूर्यास्त के बाद में चंद्रोदय के समय में हो तक। **शुद्धातिथि(पूर्णा)**-सूर्योदय से सूर्यास्त तक। **चंद्रोदय व्यापिनी**-चंद्रोदय के समय में हो। **सिनीवाली**-चतुर्दशी मिश्रित अमा जिसमें चंद्र दर्शन होवे। **कुहू**- चंददर्शन नहीं होवे प्रतिपदा मिश्रित अमावस्या।

(7) अरुणोदय (उषःकाल, संध्याकाल, ब्रह्ममुहूर्त)- सूर्योदय से 1.30 डेढ़ घंटापहिले का समय। **अरुणोदय / संध्याकाल**- सूर्योदय से3 घटी अर्थात् 1घंटा 12 मिनट पूर्व का अरुणोदय व 2 घंटा पूर्व उषाकाल समय। इस समय संध्या में सूर्योदय व्यापिनी अगली तिथि वारादि का संकल्प होता है।

(8)**पंचधाभक्ता**=दिनमान/5=(1)**प्रातःकाल**- सूर्योदय से 48मिनट पूर्व व 3 मुहूर्त (6घटी) तक= सूर्योदय +2घंटा 24 मिनट तक।

(2)**संगवकाल**(प्रातः काल) के बाद 6 मुहूर्त(12 घटी) तक =
सूर्योदय + 4घंटा 48 मिनट तक।

(3) मध्यान्ह काल (मध्यान्ह दिन) - आगे 9 मुहूर्त (18घटी) तक =
सूर्योदय+7घंटा 12 मिनट तक मध्यान्ह संध्या का समय पूर्वा 36 पर 36 मिनट।

(4) **अपरान्ह अभिजित** (विजय) के मुहूर्त- मध्यान्ह 24 मिनट पूर्व व मध्यान्ह +24 बाद का 48 मिनट का समय कुतुपकाल भी कहते हैं अपरांन्ह।

सायान्ह काल- मध्यान्ह के बाद 12 मुहूर्त(24 घटी) तक = सूर्योदय +9घंटा.36मिनट तक यह समय पितृकार्य में ग्राह्य है।

(5) **सायान्ह(प्रदोष) काल**- आगे के बाद 15 मुहूर्त(30 घटी) तक = सूर्योदय + 12 घंटा सूर्यास्त तक। प्रदोष= सूर्यास्त+2.24= बजे तक तारा दिखने से नक्त(रात्री) मानते हैं। 13+शनिवार प्रदोष व्रत महापुण्यदायक है।

(9) **दिनमान/15**=मुहूर्त 8वां भाग कुतुप काल= 1 मुहूर्त(48मिनट) = सूर्योदय+6 घंटा24मिनट तक कुतुपकाल। **कुतुपकाल**= मध्यान्ह-24 मिनट व मध्यान्ह +24 तक यह अभिजित(विजय) भी है। **रात्रिमान/15**= मुहूर्त 8वां भाग **निशीथ**(अर्धरात्रि) काल= 1 मुहूर्त(48 मिनट)= सूर्यास्त +6.24 तक निशीथ काल।

(10) **तिथि वेध**- (1) **पूर्वविद्धा** तिथि- जो तिथि पहिली तिथि से विद्ध(वेध, मिली) हो वो पूर्वविद्धा कहलाती है। अर्थात् पहिली तिथि में 3 मुहूर्त (2घं.24मिनट) तक मिली है। या 12 घटी(4 घं.48मिनट) तक पहिली तिथि से मिली हो तो पूर्वविद्धा, उस पहिले दिन व्रत करें।

(2) **परविद्धा तिथि**- जो तिथि आगे की तिथि में 3 मुहूर्त के बाद मिली हो या 12 मुहूर्त के बाद मिली (विद्ध, वेध) हो तो दूसरे दिन उसी उदय व्यापिनी तिथि में व्रत करें।

तिथिव्रत निर्णय- कर्मणो यस्य यः कालः तत्काल व्यापिनी तिथि- व्रतपर्व का कर्म काल

समय शास्त्र सम्मत तिथि हो उसका व्रत पर्व उसी समय में करें।

(11) **श्राद्ध ज्ञान**- (1) महालय श्राद्ध- भाद्रपद शु.15 से आश्विन कृष्ण पक्ष अमा तक।(2)**पार्वणश्राद्ध** -नाना श्राद्ध आश्विन शुक्ला प्रतिपद पिता आदि तीन का पार्वण। (3)**एकोदिष्ट श्राद्ध**-वार्षिक संवत्सरीश्राद्धः या क्षयाहः संवत्सरी श्राद्धः। सपत्निक पिता आदि तीन का पार्वण।

(12)**नवरात्र(प्रगट दो)**-(1) चैत्र शुक्ला 1 से वासंत नवरात्र (2) आश्विन शुक्ला 1 से शारदीय नवरात्र - इसमें गर्बा आदि उत्सव होते हैं।(2) गुप्त दो-(1) आषाढ़ शुक्ला 1 से (2) माघ शुक्ला 1 से - इन में दसमहाविद्यादि गुप्त विद्याओं का अनुष्ठान। <u>**घटस्थापन**</u>-(1) प्रतिपदा क्षय हो तो अमायुक्ता ग्राह्यः(2) द्वितिया क्षय हो तो मुहूर्त मात्र प्रतिपदा ग्राह्यः।(3) प्रतिपदा वृद्धि हो तो प्रथम प्रतिपदा ग्राह्य (4) अमा वृद्धिः हो तो अमायुक्ता प्रतिपदा में करे। अर्थात् **प्रतिदा में ही घट स्थापन करें, द्वितिया में नहीं**। आश्विन प्रतिपदा में यदि वैधृत और चित्रा का संयोग हो तो वैधृत जन्य दोष नहीं वरना वैधृत त्याग करके करें। अभिजित में वैधृतादि दोष नहीं।

(13) **हरिवासर**- आषाढ़ शु.12 को अनुराधा प्रथम चरण, भाद्रपद शु.12 को श्रवण द्वितिय चर्ण, कार्तिक शु. 12 को रेवती चतुर्थ चर्ण का संयोग, हो तो हरिवासर कहलाता है इन नक्षत्रों के चर्णो को त्याग कर पारणा करें, नहीं तो एकादशी का व्रत भंग हो जाता है।

(14)**एकादशी व्रत**-(1)**स्मार्ता**-(1) यदि दशमी में एकादशी का क्षय हो तो उसी दिन स्मार्ता व्रत करें द्वादशी में पारणा करें।(2) दशमी विद्धा हो या द्वादशी क्षया हो तो भी एकादशी में व्रत करें। एकादशी पूर्ण या वृद्धि हो तो भी पूर्ण एकादशी को व्रत करें। हरिवासर त्याग कर पारणा करें।(2)**वैष्णव**-(1) एकादशी क्षय हो तो द्वादशी को व्रत करें।(2) दशमी 56घटी से एक पल भी अधिक हो तो द्वादशी को व्रत करें।(3) दो दिन 11 हो तो अगले दिन एकादशी करें।(4) **भागवत(निम्बार्क)**-दशमी 45 घटी से एक पल भी अधिक हो तो निम्बार्क द्वादशी को व्रत करते हैं। शेष दिनों में यथात् एकादशी को ही करते हैं।

(15) **महारात्रियाँ** - (1) **मोहरात्रि** (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी)-अर्द्धरात्रि व्यापिनी (सूर्यास्त + 6घं.24मि.) या चंद्रोदय व्यापिनी को सप्तमी विद्धा अष्टमी हो तो स्मार्ता व दोनों दिन अर्द्धरात्रि को हो तो अष्टमी को व्रत करें। अगर रोहिणी हो तो श्रैष्ठ नहीं हो तो भी चंद्रोदय व्यापिनी अष्टमी में ही व्रत करते हैं। सप्तमी विद्धा को वैष्णव व्रत नहीं करते हैं। परन्तु रोहिणी युत हो तो विशेष फलदायी है।

(2)**कालरात्री (दीपावली)** -सायं प्रदोष से मध्यरात्रि तक अमा हो उसी दिन दीपोत्सव प्रदोष से वृष, सिंह लग्न तक कालरात्रि को मनावें। अमावस्या पूर्ण हो तो अमावस्या को मनावें, नहीं तो चतुर्दशी युत अमा. को मनावें। अमावस्या को विशेष महत्व है अमा नीशान्त में पितृतृप्ति हेतु दीपकश्राद्ध करने का होता है। ग्रहण हो तो सूतक व ग्रहणकाल को त्यागे

(3) **महारात्रि(महाशिवरात्रि)** - यह व्रत चतुर्दशी तिथि निशीथ व्यापिनी (अर्धरात्रि = सूर्यास्त+6घं.24मि.) में आवे या तृयोदशी न्यूनाधिक हो तो चतुर्दशी विद्धा हो तो उसी दिन की तिथि 14 में मनावे।

(4) **होलिका रात्रि**- दिन में, भद्रा में, प्रतिपदा तिथि में होलिका दहन नहीं करे। पूर्णिमा ब्रह्म मुहूर्त तक हो उस समय तक होलिका दहन करे। भद्रोपरांत पूर्णिमा के होते भद्रापुच्छ (भद्रा के तृतीय चरण अंत तीन घटी 1.12मिनट का समय) में होलिका दहन करते हैं परन्तु असिते सर्पिणी ज्ञेया सिते विष्टिस्तु वृश्चिकी भद्रा का डंक त्याज्य है यथा- सर्पिण्यास्तु मुखं त्याज्यं वृश्चिक्याः पुच्छमेव च।।'' त्याज्य है (मुहू.चिं.पीयूष धारा) तब राष्ट्र, ग्राम, उस स्थान "भद्रायां देशनाशनम्" विनाशक घटनायें घटती है। यह भद्रापुच्छ में तो कृष्ण पक्ष की भद्रा में विशेष परिस्थिति पूर्णिमा अभाव न हो, में करने का निर्देश है। चंद्र ग्रहण काल को त्याग कर दहन करे। रात्रौ भद्रावसाने तु होलिका दीपयते तदा- रात को भद्रा की समाप्ति पर होलिका का दहन करें।

इस वर्ष के विवादास्पद व्रत पर्व का निर्णय-

(1) **दीपावली विवाद**- शताब्दि पंचांग में (1) विक्रम संवत् 2081 को अमावस्या 29 घटी/32पल (सूर्यास्त के बाद मात्र 42 मिनट व निर्णय सागर में 25मिनट) तक है व (2) संवत् 2082 को अमा 28/41 (सूर्यास्त के बाद मात्र 15 मिनट) ही है तो भी शताब्दि पंचांग में इस अत्याल्प अमावस्या को दीपावली पर्व लिख दिया है। इस पंचांग की न्यूनाधिक घटी पल घटा बढ़ा के नकलची पंचांगकर्ताओं ने भी इस अत्याल्पमान के दिन ही दीपावली लिख दी है। जबकि आर्ष पंचांगों के घट्यादिमान इससे कम होने से दीपावली चतुदर्शीयुक्ता अमा को लिखी है इससे दीपोत्सव का विवाद खड़ा हो गया है। भूपृष्ठीय भेद आर्ष प्रमाणों में नहीं है, फिर भी फंस गये हैं। जनता जनार्दन भ्रमित है कि दीपोत्सव कौनसा मनावें। बहुमत नकलचियों का व हो हल्लाभि नकलचियों का ज्यादा होने से पंचांग पढ़कर बताने वाले पण्डित भी भ्रमित हो गये है। वस्तुतः **आर्ष (ऋषि) प्रमाण आर्ष पंचांग पर ही लागु होते है**। परन्तु जोड़तोड़ की उच्छिष्ट गणित वाले पंचांग अपने को आर्ष प्रमाणों से सत्य साबित करना चाहते हैं वो संभव नहीं है। यथा **दीपावली कालरात्रि** है। लक्ष्मी में **महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती** तीनों का समावेश है। अतः इस रात्रि को काली स्वरूप स्याही कलम दवात, लक्ष्मी स्वरूप स्वर्णा भूषण, "**गौ धन गजधन वाजीधनओर रतन धन खान**" आदि धन की पूजा होती है। सरस्वती स्वरूप चौपड़ा पूजन होता है। ऐतदर्थ- **ब्रह्मणोक्तेश्च प्रदोषार्ध रात्र व्यापिनी मुख्या।।1।। अमावस्या प्रदोष और अर्ध रात्रि व्यापिनी मुख्य है। कश्यप संहितायां दीपावलि दर्शं प्रकम्य।।2।।** दीपावली अमावस्या (कार्तिकी) को ही होती है उसी अमा में मनावें।

MANAV ASTRO & VEDIC 8586094945 , 8302680069

अर्धरात्रे भ्रमत्येव लक्ष्मीराश्रयितुं गृहम्।।3।।(ब्रह्मपुराण) आधी रात के समय घरों में आश्रय प्राप्त करने के लिये लक्ष्मी घूमती है। **दर्श पर रात्रे अलक्ष्मी निःसारण मुक्तं।।4।।** दरिद्र (अलक्ष्मी) को घर से निकालने के लिये दिवाली की अमावस्या को पिछली रात(ब्रह्ममुहूर्त) में गृह लक्ष्मीयें सूप थाली बाजा आदि बजाकर बाहर निकालती है। **अमा नीशान्ते दीपक श्राद्धं कुर्यात्।।5।।** दिवंगत आत्मा के निमित्त दीपक श्राद्ध भी इसी अमा को निशान्त में किया जाता है। अर्थात् यह सब अमावस्या को ही होता है प्रतिपदा की रात्रि में नहीं। एवं च- **अमावस्या यदा रात्रौ दिवा भागे चतुर्दशी। पूजनीया तदा लक्ष्मी विज्ञेया सुखरात्रिका।।6।।** अर्थात् दिन को चौदस व रात में अमा की रात्रि में लक्ष्मी पूजन करें। लक्ष्मी के लिये यह सुखरात्रिका है। **शरत्काले च देवेशि! दीपयात्रा दिने तथा। अमावास्यां समासाधन मध्यरात्रौ विचक्षणः।।7।।** बुद्धिमान् लोग शारदीय दीपावली अमावस्या मध्यरात्रि में होती है तब मनाते हैं। **अर्धरात्रे महेशनि! अमावस्या सदा भवेत्। चतुर्दशीयुता ग्राह्य चामुण्डा पूजने सदा।।8।।** अर्थात् चौदस को अमावस्या अर्धरात्रि में हो उस दीवाली के दिन चामुण्डादि अपनी-अपनी कुलदेवियों को सदा पूजें। इन सब प्रमाणों को त्याग कर **दण्डैक रजनी योगे दर्शःस्यात्तु परेऽहनि।।9।।** अर्थात् चौदस,अमा दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी एक घटी(24मिनट) भी रात्रि का योग हो तो दूसरे दिन अमा को दीपावली करेने का लिखा है। निर्णय सागर पंचांग ता.1.11.2024 को गणना दीपावली अमा 28.36 घटी को जांच की तब अमा 28.31 घटी ही आती है। सूर्यास्त बाद 23 मिनट ही रहती है अर्थात् एक घटी (24मि.) से भी कम है। इसे इन्होंने तोड़ मरोड़ कर एक घटी से आगे 25 मिनट अर्थात् दो मिनट बढ़ा कर दीपावली घोषित कर दिया। ये गोधूलिक में ही पूजन मानते हैं पंचांग में सिंह लग्न तक पूजन क्यों छापते हैं ? इनकी गणना की बाल की खाल निकालने बैठू तो ये दो घटी से हतोभ्रष्ट हो जायेंगे। गणितज्ञ इनकी गणना को जाँच कर भ्रम का निवारण कर देवे। इसी प्रकार ता.21.10.25 की इनकी दीपावली शताब्दी में मात्र सूर्यास्त के बाद **15 मिनट** ही है। एक घटी(24मि.) भी नहीं हैं फिर भी इस दिन दीपावली लिखकर भ्रमित कर रहे है। इस वर्ष देखते हैं कि नकलची किस प्रकार पिष्टपेषण करते हैं। परन्तु दीपावली ता.20.10.25 को ही आर्ष ग्राह्य है। नकल में भी अकल लगाकर काम करेंगे तो अच्छा होगा। **सुज्ञेषु किं बहुना।।**

होलिका दहन- ता.2.3.26 फाल्गुन शु.14चंद्रवार भद्रा 52.18(रात 3.59बजे तक)अर्थात् ब्रह्ममुहूर्त में 4 बजे से 5 बजे तक होली दहन कर देवे। इसके पूर्व भद्रा त्याज्यःहै। भद्रापुच्छ जो भद्रा के पीछे तृतीयचरण में पूंछ 3 घटी(72मिनट) भद्रा समाप्ति के पूर्व में करने का लिखते हैं वह भी उतावलापन हानिप्रद है यथा- **भद्रायां द्वे न कर्तव्यं श्रावणी फाल्गुनी स्तथा। श्रावणी नृपतिं हन्ति,ग्रामं दहती फाल्गुनी।।1।** अर्थात् रक्षाबंधन भद्रा में यजमान व भाई आदि के लिये घातक है। होलिका ग्राम को घातक है अशुभ है। नहीं करे।

ग्रहण विवरण

खग्रास चंद्र ग्रहण

संवत्२०८२ भाद्रपद शु.१५ सूर्यवार ता.७.६.२०२५ई.।

समय	स्पर्श	सम्मीलन	मध्य	उन्मिलन	मोक्षः	पर्वः
घटी	३८	४१	४२	४४	४७	६
पल	२६	१३	५६	५३	३७	८
घंटा	२१	२२	२३	२४	२५	३
मिन.	४६	५५	३७	२३	२८	३६



<u>ग्रहण विवरण</u>- इस ग्रहण का स्पर्श सायं 9.49 बजे व मोक्ष रात 1.28 बजे होगा। सूतक दोपहन 12.49 बजे(9 घंटा पूर्व लगेगा)मोक्ष 1.28 बजे के बाद सूतक निवृत्ति होगी। यह ग्रहण पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र कुंभ राशि पर लगेगा। यह खग्रास पिशंगवर्ण (ललाई लिये भूरे रंग) का होगा। राशियों पर प्रभाव- (1) मेष पर शुभ,वृषभ पर शुभ,मिथुन पर मध्यम, कर्क को मृत्युवत् कष्ट, सिंह को मध्यम,कन्या शुभ, तुला मध्यम,वृश्चिक अनिष्ट,धनु शुभ, मकर मध्यम,कुंभ अनिष्ट,मीन पर अनिष्ट प्रभाव रहेगा।

ग्रस्तोदित खग्रास चंद्र ग्रहण

संवत्२०८२ फाल्गुन सुदी १५ मंगलवार ता.३.३.२०२६ई.

समय	स्पर्श	सम्मीलन	मध्य	उन्मिलन	मोक्षः	पर्वः
घटी	२१	२४	२५	२५	२६	८
पल	१०	४८	१२	५४	३२	२२
घंटा	१५	१६	१७	१७	१८	३
मिन.	३१	५८	७	२४	५१	२०



<u>ग्रहण विवरण</u>- इस ग्रहण का स्पर्श दिन को 3.31 बजे मोक्ष सूर्यास्त के बाद 6.51 बजे होगा। सूतक प्रातः 6.31 बजे(9घंटा पूर्व)लगेगा। सूतक निवृत्ति सायं 6.51 बजे मोक्ष के बाद होगी। यह ग्रहण पूर्वा फाल्गुनि नक्षत्र,सिंह राशि पर लगेगा। इस ग्रहण का रंग पिशंग वर्ण ललाई लिये भूरे रंग का होगा। राशियों पर प्रभाव- मेष- मध्यम, वृषभ- अनिष्ट, मिथुन- शुभ, कर्क-मध्यम, सिंह-अनिष्ट, कन्या- अनिष्ट, तुला-शुभ, वृश्चिक-शुभ, धनु-मध्यम, मकर-मृत्युवत् कष्ट, कुंभ-मध्यम एवं मीन पर शुभ रहेगा।

पूज्य गुरुदेव

स्व. पं.भवानीशंकरजी द्विवेदी काणाणा

-: संवत्सरफल :-

ॐ ब्रह्मा मुरारि स्त्रिपुरान्तकारी, भानु शशी भूमि सुतो बुधश्चः।
गुरुश्च शुक्रः शनि राहु केतवः, सर्वे ग्रहाः शांतिकरा भवन्तुः ।।

राजा शनि- शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूत रोगैःपरिपीड्यते जनः।
युद्धं नृपाणां गद तस्करार्धै र्भ्रमन्ति लोकाःक्षुधिताश्च देशान्।।१।।

उपराजा सूर्य- सूर्ये नृपे स्वल्प फलाश्च मेघाःस्वल्पं पयो गौषु जनेषु पीडा।
स्वल्पं सुधान्यं फलमल्प वृक्षा श्चौराग्नि बाधा निधनं नृपाणाम्।२।

मंत्री सूर्य- नृपभयं गदगोपि हि तस्करात्प्रचुरधान्य धनादि महीतले।
रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागतः।३।।

सस्येश बुध- जलधराजल राशिमुचो भृशं सुख समृद्धियुतं निरुपद्रवम्।
द्विजगणःश्रुतिपाठ करःसदा प्रथम सस्यपतौ सति बोधने।।४।।

धान्येश मंगलः- भूमिजे ग्रीष्म धान्येशे ग्रीष्म धान्य महर्घकम्।
शालीक्षु घृततैलादि महर्घाणि भवन्ति च।।५।।

मेघेश सूर्य :- जलदपे यदि वासरपे तदा सरसिवैरमते जनता रसम्।
यव चणेक्षु निवार सुशालिभिःसुखचयं सुलभं भुवि वर्तते।।६।।

रसेश शुक्रः- यजन याजनकोत्सव कोत्सुका जनपदा जलतोषित मानसाः।
सुख सुभिक्षसु मोदवती धराधरणिपा हत पापगणप्रियाः।।७।।

नीरसेश बुध- चित्रवस्त्रादिकं चैव शंख चंदनपूर्वकम्।
अर्घ वृद्धिः प्रजायते नीरसेशो बुधोयदि।।८।।

फलेश शनिः- यदि शनिःफलपः फलहाभवे ज्जनित पुष्प गणस्य दमःसदा।
हिम भयं वर तस्कर जन्तुभी र्जनपदो गद राशि महाकुलः।।९।।

धनेश बुधः- द्रविणपो हिमरश्मि सुतो यदा विविध संग्रह वस्तुफलार्थदा।
द्विजवरा जप यज्ञ सुसंयुताःकृषि विशेष विशेषित मानसाः।।१०।।

दुर्गेश सूर्यः- नय विशेषकर स्तरणि स्तदा गतभया नर राजपुरोगमाः।
समधिकोन तदा नृपजोन्यजःस्वपथजं व्रजतां नभयं क्वचित्।।११।।

काल नाम संवत्सरः- वत्सरे कालयुक्ताख्ये सुखिनः सर्वजंतवः।
सन्त्यथापिच सस्यानि प्रचुराणि तथा गदाः।।१२।।

गुरुउदीयमान मार्गशीर्ष वर्षः- मार्गवर्षेत्वल्प वृष्टिःसस्य हानिरनेकधा।
राजानो युद्ध निरता अन्योन्य वध कांक्षिणः।१३।।

मेघ नाम नीलः- सत्पयोदिशति गोकुल पूर्णा वस्त्रता खिल महीपरि पूर्णा।
नीलनाम्नि जलदे जल वृष्टि र्जायते सकल मानव तुष्टिः।१४।।

रोहिणी निवास संधिः- "संधि संस्थं यदा ब्राह्मर्ं जायते।
खंड वृष्टि स्तदा सर्व धान्याप्तयः।।१६।।

नाग नाम वासुकीः- उदेति यत्र वत्सरेस वासुकि र्भुजंगमः।
प्रभूतं धान्यदायकःसुवृष्टिः कारक स्तथा।।१७।।

आद्रा प्रवेश लग्नः-संवत्२०८२ आषाढ़कृष्णा १२ सूर्य ३८/२८ भरणी१६/३३,सुकर्मा१६/३६ परं धृति तैतिल कर्णे,ता.२२.६.२०२५ई.प्रातः सूर्य २/६/२६/५६ग.५६/५६ आद्रायांरवि १३/४६, मेषे चंद्रः



द्वादश्यां शिव नक्षत्रं प्रविष्टश्चे द्दिवाकर। नानाविधं शुभंतर्हिजनः प्राप्नोति निश्चितम्।।१।। अर्थात् द्वादशी को आद्रा प्रवेश से मनुष्यों को नाना प्रकार के शुभ फल मिले। दिनपतिवारे पशुपतिधिष्ण्ये। दिनपति वेशे सति पशुनाशः।।२।। रविवार में आद्रा से पशुओं का नाश हो। **अर्कस्य रौद्र संवेशे भरणी चंद्रभंयदि।तर्हिस्याद्रोग बाहुल्यं शुभं नैवकदाचन।।३।।** अर्थात् भरणी नक्षत्र हो तो रोग बाहुल्य हो और शुभ कुछ नहीं हो। **सुकर्मा नामयोग केयदीशभरं विर्व्रजेत्। तदा समस्त भूसुराःसुकर्माकर्तुमुद्यताः।।४।।** अर्थात् सुकर्मा में हो तो सम्पूर्ण ब्राह्मण लोक अच्छे कामों के करने में उद्यत (तैयार) हों।

जगल्लग्नः मेषेऽर्क प्रवेशः



संवत् २०८२वैशाख कृष्णा १ सूर्य ६०/०,चित्रा ३४/५ परं स्वात ,हर्षण ३५/१६परं वज्र,कौलकर्ण। ता.13.4.2025ई.प्रातःसूर्य ११/२६/१०/४२ ग.५८/४६,तुलेचंद्र मेषेऽर्क५०/२१ल.९/१३

चैत्र मास में गर्मी प्रकोप,राजा प्रभावशाली रहे। वैशाख में अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होवे। ज्येष्ठ में व्यापार अच्छा। आषाढ़ में गर्मी ज्यादा परन्तु राजव्यवस्था सुदृढ़। श्रावण में अच्छी वर्षा,खेतियां अच्छी। भाद्रपद में खंड वृष्टि। आश्विन में खड़ी फसलें सूखे। अग्निउपद्रव होवे। कार्तिक मास अच्छा रहे। व्यापार श्रेष्ठ। माघ फागुण में व्यापार अच्छा कहीं पाला पड़े।

वर्ष(संवत्सर)लग्नःविचार



वर्ष लग्नः- अमान्त चैत्र शुक्ला १ प्रवेश विक्रम सं.२०८१ चैत्र कृष्णा ३० शनि २०/५६परं प्रतिपदा,उभा.२८/३०,ब्रह्मा ३६/४ नाग २०/५६ परं किंस्तुघ्न ता.२९.३.२५ई.।प्रातःसूर्य ११/१४/२५/१३ग.५६/२०, मीनेचंद्रः अमा.इष्ट२०/५६ ल.३/२२ **कर्केसुखंतु पूर्वस्या मुत्तरस्यांतु विग्रहः। स्याच्चासन बलंयावद् दुर्भिक्षं पश्चिमे दिषि।।१।।** कर्क लग्न में वर्ष प्रवेश से पूर्व में सुख,उत्तर में दुःख तथा आसन (सत्ता) का बल और पश्चिम में दुर्भिक्ष होवे। ईशान व उत्तर दिशा के बीच प्रदूषण से रोग,पीलिया आदि फैले।

लाभ खर्च (अष्टोत्तरी मतेनः)

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
लाभ	१४	८	११	५	८	११	८	१४	२	५	५	२
खर्च	१४	८	५	५	१४	५	८	१४	८	२	२	८
फल	क्लेश	विजय	विजय	लाभ	अपयश	विजय	विजय	क्लेश	लाभ	मानयश	मानयश	लाभ

MANAV ASTRO & VEDIC 8586094945 , 8302680069

देश विदेश की भविष्यवाणियाँ

(विशेषतः-विश्व परिपेक्ष्य में ये भविष्यवाणियाँ है। छत्रभंग का अभिप्राय- सत्ता, सत्ताधीश व बड़े नेता से संबधित जानें। राजा का अभिप्राय सत्ता पर बैठा नेता, मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व प्रख्यात व्यक्ति से जानें।सत्ता पर क्रूर योगों का फल जल्दी प्रभावी होता है जो इसमें राजनैतिक भविष्य दिया गया है। अच्छे बुरे योगों का फल "मौसम भविष्य" में पढ़ें)

पश्चिमीय देशों में भारी विनाश : मीनावतारवत् बचाव : भारत वंदनीय!!

इस वर्ष में दण्डााधिकारी शनि कुंभ(घड़ा) व मीन(मत्स्य,मत्स्यावतार) इन दो राशियों पर अतिचार,वक्री मार्गी की चाल से वर्षान्त में मीन राशि पर आरूढ़ है। प्रभावतः- **पूभा उभा रेवे शनि,रक्षोभूत हो शनिवार। राक्षस प्रकट हो जगत में,तब युद्ध भूकम्प संहार।। कुंभ छोड़ मीन शनि,प्रभावित राशि दोय। पापी मरे कलि कुंभ में,मीने शनि धर्म रक्षक होय।। म्लेच्छ युद्ध जल विप्लव हुवे, मीन शनि जब आय। स्थान वृद्धि शनि मीन में,भारत वंदनीय होजाय।।१।।** अर्थात् इस वर्ष में पूर्वाभाद्रपद (नीरनाड़ी), उत्तराभाद्रपद (सौम्य नाड़ी) पर शनि गतिशील रहेगा। वस्तुतः पूभा,उभा, रेवती पर शनि होने पर शनिवार के दिन रक्षोभूत(राक्षस भूत) का समय होता है। इस समय में संसार में राक्षस प्रगट होते हैं। तब इस समय में युद्धोपद्रव,भूकम्प आदि से संहारक(विनाशक) घटनायें घटित होती है। इस वर्ष में कुंभ,मीन दो राशियों को प्रभावित कर रहा है। कुंभ शनि के समय के कलिकाल में पापाचारी मरते हैं और मीन का शनि धर्म व धर्मियों की रक्षा मीना अवतार की तरह करता है। मीन शनि में म्लेच्छों में युद्ध,जल विप्लव होता है। स्थान वृद्धि (धनु मीन गुरु राशि पर) शनि होने से भारत की (धनु राशिपति गुरु) मान बढ़ाने वाला है। जो विश्व में भारत की प्रतिष्ठा मान सम्मान बढ़ायेगा।

वर्ष में कुंभे शनि ता.८ जून २०२५ तक आगे ता.६.८.२०२५ से ता.१३.२.२०२६ तक वक्र मार्ग **शनि कुंभ** पर रहेगा। शास्त्रतः जनता धन,अनाज से सम्पन्न सुखी होवे **धर्माधर्मो विधत्ते सुखि निरत जनों मेघपूर्ण धरित्री। -कुंभगे सूर्य पुत्रो।।१।।**(वर्ष प्रबोध) पृथ्वी जल से पूरित होवे। धर्म अधर्म का विधान(कानून) बने। धर्म का प्रचार होवे। म्लेच्छ देशों में युद्ध होवे। वस्तुतः गत डेढ़ वर्षो के शनि कुंभस्थ में जल विप्लव,भूकम्प,तृतिय विश्वयुद्ध स्थिति रही है शेष इस कुंभ के शनि में राक्षसी कृत्य करनें वालें राक्षसों का विनाश होगा।

आगे **मीन का शनि**- ता.८ जून २०२५ से ६.८.२०२५ तक आगे ता.१२.२.२०२६ से अगले वर्ष में मीन पर (मत्स्या अवतार) राशि पर चलेगा। शास्त्रतः- **अर्क पुत्रो यदा मीने दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। सागराः सर्वनद्यश्च विनश्यन्ति चतुष्पदान्।।२।।** (भवि.भास्कर) अर्थात् मीन शनि में दारुण दुर्भिक्ष पड़े समुद्रों सभी नदियों व पशुओं का विनाश होवे।

